अमर उजाला 15/05/2025

# एमए राजनीतिक विज्ञान में धर्मेंद्र को प्रथम स्थान




जीएमएन कॉलेज के मेधावी छात्र। कॉलेज

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज के एमए राजनीतिक विज्ञान के छात्रों ने 12वें वर्ष में भी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में शीर्ष रैंक हासिल की।

कोविड-19 महामारी के दौरान भी कॉलेज के छात्रों ने असाधारण लचीलापन दिखाया और 10 में से 9 विश्वविद्यालय पदक हासिल किए। इसमें प्रथम रैंक धर्मेंद्र कुमार, तृतीय रैंक अंकुर भसीन, पांचवीं रैंक शिवांगी शर्मा, सातवीं रैंक काजल ने प्राप्त की। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि हमें विद्यार्थियों की शैक्षणिक उत्कृष्टता और लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्धता पर गर्व है।

प्रबंधन बॉडी के अध्यक्ष डॉ. गुरदेव सिंह, महासचिव अजय अग्रवाल, जीएमएनसी ट्रस्ट के अध्यक्ष जसवंत जैन सहित अन्य पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों को बधाई दी।